// माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

दिनांक: 23.11.2022

पत्रांक :1949 / 12 / प्रशा0 / MSU / 2022–23

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय– वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति(कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसी अन्य को सत्यापन करने हेतु संशोधित समय–सारिणी निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अनु सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–120 / 2022 / 2595 / 26–3–2022–4(358) / 07 टी0सी0 I I, दिनांक : 21 नवम्बर, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु प्रदेश के अन्दर तथा वाह्य प्रदेश में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी छात्रों हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति(कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं सहित) से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने हेतु विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेंसी अन्य को सत्यापन करने हेतु संशोधित समय–सारिणी निर्गत की गई है।

उक्त के आलोक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस का विवरण आदि का सत्यापन नहीं किया गया है। उक्त महाविद्यालय दिनांक : 26.11.2022 तक पाठ्यक्रम का प्रकार, सीटों की संख्या एवं फीस का विवरण ऑनलाइन लॉक कर सम्बन्धित अभिलेख विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। जिससे की महाविद्यालयों का सत्यापन किया जा सके। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालयों की होगी।

भवदीय

23.11.22

छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

23.11.22

छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी